१९४८ - २०२२
शांति - सेवा - न्याय

शांति सेवा न्याय

Azadi Ka Amrit Mahotsav



किस्सा खाकी का

मासिक ई-न्यूजलेटर

दिसंबर 2022

संदेश



संजय अरोड़ा
पुलिस आयुक्त, दिल्ली

दिनांक: 30 नवम्बर, 2022

नमस्कार!

73 साल पहले, नवंबर के महीने में हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने उस संविधान को अपनाया था जिसमें एक फलते–फूलते लोकतंत्र की आकांक्षाएं और लक्ष्य निहित हैं। इस महीने की 26 तारीख को हमने 'संविधान दिवस' मनाया। पुलिस बल के रूप में हम अपने संविधान में निहित मूल्यों की रक्षा के लिए हर पल तैयार हैं।

14 वर्ष पूर्व 26 नवम्बर के ही दिन मुंबई में हुए कायराना आतंकी हमले में कई लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 26/11 का काला दिन कभी भुलाया नहीं जा सकता। उस हमले के दौरान कई सुरक्षा कर्मियों ने देश के लिए लड़ते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। राष्ट्र रक्षार्थ स्वयं का बलिदान देने वाले उन योद्धाओं को दिल्ली पुलिस की ओर से श्रद्धांजलि हमले में अपनी जान गंवाने वाले नागरिको को भी हमारी विनम्र श्रद्धांजलि।

नवंबर माह की शुरुआत में हमने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया। इस संबंध में इस वर्ष की थीम 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत, विकसित भारत' थी। इस दौरान पूरे बल ने भारत को भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के अपने संकल्प को और मजबूती देने की बात दोहराई।

प्रदूषण को कम करने के लिए यातायात विभाग ने फील्ड में और सोशल मीडिया पर एक व्यापक अभियान 'रेड लाइट ऑन, इंजन ऑफ' चलाया, ताकि वाहन चालकों को ट्रैफिक रेड लाइट पर इंजन को बंद करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इसी के साथ प्रदूषण के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए एक सफल सोशल मीडिया अभियान 'दिल्ली मांगे प्योर' चलाया गया जो भी काफी सफल रहा।

दिल्ली पुलिस बल का हर सदस्य कर्तव्य को सर्वोपरि रखता है। विगत 28 नवंबर को एक विचाराधीन कैदी को ले जा रही पुलिस वैन पर हुए सशस्त्र हमले को हमारे जवानों ने न केवल विफल किया बल्कि नियमानुसार हत्या के आरोपी को जेल तक सुरक्षित पहुंचाया। मुझे उनकी सूझबूझ व हौसले पर गर्व है। मुझे इस टीम से मिलकर उन्हें पुरस्कृत करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

राष्ट्रीय राजधानी की सेवा करना हमारे लिए सम्मान की बात है। राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए हम दृढ़ संकल्पित है।

आशा है कि आपको किस्सा खाकी का का यह संस्करण पसंद आएगा।

जय हिन्द!

फोकस में

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर मा. उपराज्यपाल का संबोधन

दिल्ली के उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली पुलिस, दिल्ली नगर निगम और नई दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भ्रष्टाचार को रोकने और साथ–साथ ईमानदार निर्णय लेने के लिए 'ईमानदारी और अच्छाई का पोषण' पर जोर दिया।









दिल्ली पुलिस कमिश्नर के दौरे



गुरुपर्व के अवसर पर पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने उत्तर बाहरी जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने पौधारोपण किया और पुलिसिंग और अपराध रोकथाम रणनीतियों के पहलुओं की समीक्षा की।



पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष पुलिस इकाई (SPUWAC), नानकपुरा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने इकाई के कार्यों की समीक्षा भी की।



पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने मोहन गार्डन थाने का दौरा किया और स्टाफ से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कार में अवैध असलहा और जिंदा कारतूस रखने वाले 2 आरोपियों को पकड़ने के लिए पीसीआर स्टाफ को पुरस्कृत किया और उनके साहसिक कार्य की सराहना की।

एक मर्डर केस के आरोपित आफताब पूनावाला को ले जा रही पुलिस वैन पर हुए सशस्त्र हमले को विफल करने वाली पुलिस टीम से मिलकर पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा जी ने न केवल उनकी सराहना की बल्कि उन्हें सम्मानित भी किया।



संविधान दिवस 2022



26/11 का काला दिन (मुंबई में आतंकी हमला)



विनम्र श्रद्धांजलि



इंस्पेक्टर रजनीश शर्मा

इस माह सरिता विहार थाने के एसएचओ इंस्पेक्टर रजनीश शर्मा का बीमारी की वजह से आकस्मिक निधन हो गया । दिल्ली पुलिस की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। ड्यूटी के प्रति उनके समर्पण को दिल्ली पुलिस हमेशा याद रखेगी।

सुर्खियां



ग्रामीण सामुदायिक पुलिसिंग और राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के तहत द्वारका जिले में दिल्ली पुलिस के नायकों (Heroes of Delhi Police) की स्मृति में एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1000 एथलीटों ने भाग लिया जिनमें से 90 सर्वश्रेष्ठ को श्री सागर प्रीत हुड्डा, विशेष सीपी (कानून और व्यवस्था) द्वारा सम्मानित किया गया।

पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने उत्तर बाहरी जिले के साइबर थाने के स्टाफ से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पैन इंडिया ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी घोटाले का भंडाफोड़ करने के लिए पुलिस कर्मियों की सराहना की। इस मामले में 21 आरोपियों को देश के विभिन्न शहरों से गिरफ्तार किया गया है।





दिल्ली पुलिस कमिश्नर श्री संजय अरोड़ा ने इस माह सेवानिवृत्त हुए तीन पुलिस अधिकारियों के कार्यों की सराहना की और उन्हें सम्मानित किया।
उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारियों को जीवन के अगले अध्याय के लिए शुभकामनाएं दीं।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर दिल्ली पुलिस द्वारा लोगों को जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए सोशल मीडिया पर बकायदा एक अभियान संचालित किया गया। इसके माध्यम से आम जनता को रिश्वतखोरी, मिलावट आदि के मामलों की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।







वायु प्रदूषण के खिलाफ दिल्ली पुलिस की मुहिम

'दिल्ली मांगे प्योर' और 'रेड लाइट ऑन, इंजन ऑफ'

राजधानी में वायु प्रदूषण को कम करने के प्रयास में दिल्ली पुलिस ने मोटर चालकों को जागरूक करने के लिए एक यातायात विंग और सोशल मीडिया पर ऑनलाइन अभियान संचालित किया। जहां यातायात पुलिस ने सड़क पर एक अभियान को लागू किया वहीं सोशल मीडिया पर इस अभियान के तहत चालकों को लाल बत्ती पर अपने वाहनों को बंद कर उन्हें इंतजार करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसमें आम जनता ने हमारे इस प्रयास को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और सराहना की।










Delhi Police
@DelhiPolice
Bhai, Aap Red Light Pe Engine Off Kyu Nahi Karte?
Kya Tapleek Hai?
#इंजन_ऑफ_हवा_साफ
#EngineOffHawaSaaf
#DilliMaangePure
@TMKOC_NTF
@dilipjoshie
WHEN YOUR FRIEND DOESN'T TURN
THE ENGINE OFF ON RED LIGHT
Kya Tapleek Hai Aap Ko?


Delhi Police
@DelhiPolice
So, You think Mr Bean is just funny?
No! He is also SMART!
Be like @MrBean
#इंजनऑफहवा_साफ
#EngineOffHawaSaaf
#DilliMaangePure


Delhi Police
@DelhiPolice
#इंजनऑफहवा_साफ
#EngineOffHawaSaaf
#DilliMaangePure
@BeingSalmanKhan
Mujh par ek Ahsaan karna...
Red light par
ENGINE OFF karna


Delhi Police
@DelhiPolice
ऐसा न करें..
#इंजनऑफहवा_साफ
#EngineOffHawaSaaf
#DilliMaangePure
@saurabhshukla_s

नॉक ऑफ साइबर क्लोनिंग

इस माह का हमारा तीसरा अभियान ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी पर केंद्रित था










Delhi Police @DelhiPolice · Nov 18
#KnockOffCyberCloning
#cybersafety @DCP_CCC_Delhi
आपके खाते का पासवर्ड पाने के लिए
हैकर्स निकालते हैं कई तरकीब


Delhi Police @DelhiPolice · Nov 19
#KnockOffCyberCloning
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
अकाउंट हैक हो जाने के बाद
अपराधी खाते का दुरुपयोग कर सकते हैं


Delhi Police @DelhiPolice · Nov 18
When they try to trap you, just turn your Jerry mode ON!
#KnockOffCyberCloning
#CyberSafety
@TomAndJerry
#KnockOffCyberCloning
Cloned Account
0:11 2,806 Views


Delhi Police @DelhiPolice · Nov 20
Beware! One single click may lead you Direct 2 Hacker!
Never click on dubious links.
@DCP_CCC_Delhi
#CyberSafety
#DelhiPoliceCares
2,272 views
0:03 / 0:10


Delhi Police @DelhiPolice · Nov 20
#DelhiPoliceCares
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
@ICICIBank
@TV9Bharatvarsh
चौखट पर ठग !
OTP देते ही ठग हुए चक्कर हो जाएगा

साइबर डेटिंग अलर्ट

हमने मैट्रिमोनियल साइट्स और डेटिंग ऐप्स पर हो रही धोखाधड़ी की घटनाओं से लोगों को अवगत कराने व उनसे बचाव के टिप्स देते हुए साइबर डेटिंग अलर्ट नाम से एक अभियान शुरू किया।














Delhi Police
@DelhiPolice
चेल्लम सर की जानकारी बड़े काम की है।
मैट्रिमोनियल हो या डेटिंग, इस तरह के ऐप और वेबसाइट का सावधानी से उपयोग करें।
लापरवाही की तो हो सकते हैं धोखाधड़ी के शिकार।
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Translate Tweet
#CyberDatingAlert
चेल्लम सर !
मैट्रिमोनियल साइट और डेटिंग एप की कोई नई जानकारी दीजिए


Delhi Police
@DelhiPolice
Be wise while being online!
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Q. Which of the following is correct?
Exercise caution on Matrimonial and Dating sites
Share personal details as soon as 'It's A Match'


Delhi Police
@DelhiPolice
The Devil's In The Details.
Be Cautious!
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Fake Doctor Scammed Women on Dating Sites in Elaborate
0:33
1,990 views
2:45 PM · Nov 27, 2022


@DelhiPolice
मैट्रिमोनियल या डेटिंग वेबसाइट और ऐप पर जालसाजी के खेल को पहचानें।
थोड़ी सी सावधानी आपको किसी गलत साथी के साथ समय व्यर्थ करने और धोखेबाजी से बचा सकती हैं।
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Translate Tweet
#CyberDatingAlert
US Din Apun Ko Ek Naya Game Samajh Aaya.
Matrimonial Site Aur APP


@DelhiPolice
Make it a Thumb Rule!
Never give Thumbs - Up on any suspicious profile
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Unverified Profile
Verified Profile


@DelhiPolice
पर्दे में मत रहने दो, पर्दा हटेगा तभी सच्चाई सामने आएगी।
मैट्रिमोनियल व डेटिंग वेबसाइट/ऐप पर किसी से दोस्ती करने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी लें।
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Translate Tweet
Blind Dating Alert


Delhi Police
@DelhiPolice
बचके रहना रे बाबा !
मैट्रिमोनियल व डेटिंग वेबसाइट/ऐप पर है जालसाजों की नजर।
सावधानी से करें इनका उपयोग।
#CyberDatingAlert
#CyberSafety
@DCP_CCC_Delhi
Translate Tweet
#CyberDatingAlert

'नो हॉकिंग'



इस माह का हमारा पांचवा अभियान दिल्ली में ध्वनि प्रदूषण को रोकना था।
इस क्रम में वाहन चालकों को बेवजह हॉर्न न बजाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।





आयोजन

किस्सा खाकी का

शादी के नाम पर धोखा



सुयोग्य वर की तलाश में मैट्रिमोनियल साइट पर मुलाकात, शादी का वादा और फिर 2 लाख रुपये की ठगी। परेशान लड़की की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने शातिर ठग को कैसे पहुंचाया सलाखों के पीछे? सुनिए, दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

साहस की मिसाल–राकेश



50 से ज्यादा गंभीर मामलों का खुलासा हो या फिर करीब 30 बच्चों की बरामदगी, सब इंस्पेक्टर राकेश कुमार की तत्परता ने इसे बेहद कम समय में संभव कर दिखाया है। दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में सुनिए, राकेश कुमार के बेहतरीन कार्यों की कहानी।

कर्तव्यनिष्ठ 'पुनीत'



दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में सुनिए, हेड कांस्टेबल पुनीत मलिक के साहस की कहानी, जिन्होंने न सिर्फ 6 महीने में 60 से ज्यादा भगोड़े अपराधियों को पकड़ा बल्कि, 25 साल पुराने मर्डर के एक मामले का खुलासा करने में अहम भूमिका निभाई।

जालसाजी का पर्दाफाश



हत्या, लूट, रंगदारी और जालसाजी जैसे कई गंभीर मामलों के खुलासे में अहम भूमिका निभाने वाले सब इंस्पेक्टर नितिन सिंह ने ईडी का फर्जी समन भेज उगाही करने वाले गिरोह का कैसे किया पर्दाफाश ? सुनिए, दिल्ली पुलिस पॉडकास्ट 'किस्सा खाकी का' के इस अंक में।

आयोजन

आस्क मी एनीथिंग

इंटरैक्टिव ट्विटर लाइव सत्र 'आस्क मी एनीथिंग' इस बार सतर्कता जागरूकता विषय पर आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के माध्यम से बनिता मैरी जैकर, डीसीपी–सतर्कता व सुमन नलवा, डीसीपी–पीआरओ ने विषय से संबंधित लोगों के सवालों के जवाब दिए।



'डाउन द मेमोरी लेन विद दिल्ली पुलिस'

पहल के माध्यम से हम अपने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों / अधिकारियों के दिल्ली पुलिस से जुड़े अनुभवों को साझा करते हैं।







इस माह सेवानिवृत्त हुए श्री माली राम मीणा,एसीपी –जनकपुरी और श्री बाबू लाल, इंस्पेक्टर–सुरक्षा को हार्दिक शुभकामनाएं।

जिला डायरी: सामुदायिक पुलिसिंग

आत्मरक्षा के प्रशिक्षण से महिलाओं और बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है। इसी क्रम में महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष यूनिट SPUWAC द्वारा लेडी इरविन कॉलेज, मंडी हाउस में आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 50 लड़कियों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें प्रशिक्षित करने के साथ ही हिम्मत प्लस ऐप व दिल्ली पुलिस की विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में बताया गया।



दिल्ली पुलिस की 'वी केयर' पहल के तहत मौर्या एन्क्लेव में नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को सुरक्षा संबंधी विभिन्न विषयों पर जागरूक किया गया। सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के साथ ही बच्चों को 'गुड टच, बैड टच' के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महिलाओं को विभिन्न अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए उन्हें घरेलू हिंसा आदि जैसी घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।



जिला डायरी: सामुदायिक पुलिसिंग



दिल्ली पुलिस की 'वी–केयर' पहल के तहत, 2 स्कूलों के छात्रों को थाना वसंत कुंज दक्षिण और थाना आरके पुरम का दौरा कराया गया। बच्चों को पुलिस थानों की कार्यप्रणाली, दिल्ली पुलिस ऐप, हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में बताया गया व उनके सवालों के जवाब भी दिए गए। इस दौरान थाना साउथ कैंपस में मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) के सदस्यों के साथ एक बैठक भी हुई।

साइबर सेंधमारी से बचने के लिए जागरूकता बहुत जरूरी है। इसी क्रम में उत्तर पश्चिम जिले की साइबर टीम के सहयोग से सर्वोदय कन्या विद्यालय में साइबर जागरूकता पर एक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 160 छात्रों ने भाग लिया। इस दौरान उन्हें साइबर अपराध से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक किया गया व बच्चों द्वारा पूछे गए विषय से सम्बंधित सवालों के जवाब भी दिए गए।



पुलिस परिवार के बच्चों की उपलब्धि



ममता रानी के बेटे दक्ष ने भी बलियावास में आयोजित जिला स्तरीय स्केटिंग चौंपियनशिप में एक रजत व एक कांस्य पदक जीता है। दक्ष का चयन हरियाणा स्टेट लेवल के लिए भी हुआ है। दोनों बच्चों व हेड कांस्टेबल ममता रानी को हार्दिक बधाई।



हेड कांस्टेबल ममता रानी की बेटी ख्याति ने अंडर –14 वर्ग में भाग लेते हुए हरियाणा स्टेट रोल बॉल चौंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल किया है।

पुलिस परिवार कल्याण सोसाइटी

पुलिस परिवार कल्याण समिति की गतिविधियाँ



पुलिस परिवार कल्याण सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती रितु अरोड़ा ने पीएफडब्ल्यूएस कल्याण केंद्र मालवीय नगर का दौरा किया व बागवानी और अपशिष्ट पदार्थों से खाद बनाने के विचार को प्रोत्साहित किया। इस दौरान उन्होंने कल्याण केन्द्र की कंप्यूटर क्लास, पुस्तकालय और कैंटीन सुविधा की भी प्रशंसा की।

पुलिस परिवार कल्याण सोसाइटी की अध्यक्ष श्रीमती रितु अरोड़ा ने कल्याण केंद्र हौज खास का दौरा किया व वहां अभ्यर्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए बनाए गए पुस्तकालय, खुद को स्वस्थ रखने के उद्देश्य से बनाए गए व्यायामशाला व दिल्ली पुलिस परिवारों की बेहतर सेहत के लिए बनाए गए हेल्थ सेंटर को सराहा।



शांति सेवा न्याय

संरक्षक

संजय अरोड़ा

पुलिस आयुक्त, दिल्ली

संचार टीम

सुमन नलवा

उपायुक्त (पीआरओ)

रचनात्मक सहयोग

आख्या इंडिया

सोशल मीडिया सलाहकार, दिल्ली पुलिस

संपर्क करें

सोशल मीडिया सेंटर

कमरा नं: 1408, 14वीं मंजिल

पुलिस मुख्यालय, जय सिंह मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली